भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
प्रेस विज्ञप्ति

भाविप्रा इंजीनियर्स गिल्ड ने मनाया इंजीनियर दिवस

नई दिल्ली, 16 सितंबर, 2016 : भारत रत्न, सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती को मनाने के लिए भाविप्रा इंजीनियर्स गिल्ड ने 15 सितंबर, 2016 को भाविप्रा ऑफिसर्स इंस्टीट्यूट, सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली में इंजीनियर दिवस मनाया।

कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ० गुरुप्रसाद महापात्र, आईएएस, अध्यक्ष, भाविप्रा ने किया तथा इसमें सभी सदस्यों एवं गणमान्य व्यक्तियों जैसे, श्री एस. रहेजा, सदस्य(योजना), श्री ए.के. दत्ता, सदस्य(एएनएस), श्री एस.सुरेश, सदस्य(वित्त) तथा श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य (एचआर) एवं भाविप्रा के सभी क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक व कार्यपालक निदेशकों ने भाग लिया।

इस अवसर पर, डॉ० गुरुप्रसाद महापात्र नें भाविप्रा इंजीनियर्स गिल्ड के 'टेक्निकल सोवेनियर' का विमोचन किया तथा भाविप्रा के सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरों को 'सर विश्वेश्वरैया' अवार्ड प्रदान किए। सामान्य रूप से देश की तथा विशेष रूप से भाविप्रा की छवि को बल देने वाले विश्वस्तरीय हवाई अड्डे बनाने के लिए भाविप्रा के इंजीनियरों के योगदान को रेखांकित करते हुए, उन्होने सभी को प्रेरित रहने एवं समन्वय से कार्य करने का आह्वान किया, क्योंकि भारत अगले दशक में तीसरा सबसे बड़ा विमानन बाज़ार बनने की कगार पर है।

समाज को उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए सर विश्वेश्वरैया के सम्मान में यह दिन पूरे भारतवर्ष में इंजीनियर दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत सरकार नें वर्ष 1955 में इन महान विभूति को भारत रत्न से सम्मानित किया था। इन्हे विश्व भर में अपने योगदान के लिए, किंग जॉर्ज पंचम नें ब्रिटिश सम्मानसूचक खिताब सर की उपाधि से सम्मानित किया। इस वर्ष, इंजीनियर दिवस की थीम है मुख्य क्षेत्र के विकास के लिए युवा इंजीनियरों का कौशल विकास - विजन 2025। इसके हिस्से के रूप में, देश भर में इंजीनियर्स मूल्यांकन, शिक्षण, पाठ्यक्रम तथा वास्तविक जीवन केस स्टडी के माध्यम से प्रमुख कौशल कारकों पर ध्यान देंगे।

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें
म.प्र. (जनसंपर्क) 9811521881, 011-24622787,
सं. 36/2016-17

इंजीनियर दिवस के अवसर पर डॉ० गुरुप्रसाद महापात्र, आईएएस, अध्यक्ष, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (बाएँ से चौथे) भाविप्रा इंजीनियर्स गिल्ड के तकनीकी सोवेनियर का विमोचन करते हुए। इस अवसर पर श्री एस. रहेजा, सदस्य(योजना), श्री ए.के. दत्ता, सदस्य(एएनएस), श्री एस.सुरेश, सदस्य(वित्त) तथा श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य (एचआर) तथा भाविप्रा के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।